**Dainik Bhaskar Page No. 02 Date 25.06.2026**

सिटी एंकर | मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में व्यय वित्त समिति की बैठक में हुआ फैसला

# धीरपुर में 1,668 करोड़ की लागत से बनेगा एयूडी का अत्याधुनिक कैंपस, 50 एकड़ में फैले परिसर में 8 हजार छात्रों को मिलेगी जगह

भास्कर न्यूज|नई दिल्ली

दिल्ली के धीरपुर में डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय (एयूडी) का एक नया और अत्याधुनिक कैंपस बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित दिल्ली सरकार की व्यय वित्त समिति की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई। इस परियोजना पर लगभग 1,668 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसका उद्देश्य राजधानी में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है।

बैठक में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा, शिक्षा मंत्री आशीष सूद सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एयूडी का यह नया कैंपस लगभग 20 हेक्टेयर (करीब 50 एकड़) क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इसे चरणबद्ध तरीके से तैयार किया जाएगा, ताकि भविष्य की जरूरतों के अनुसार इसका विस्तार किया जा सके। प्रारंभिक चरण में लगभग 5,400 विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जबकि कुल मिलाकर लगभग 8 हजार विद्यार्थियों की क्षमता का लक्ष्य रखा गया है। कैंपस में आधुनिक शैक्षणिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, प्रशासनिक भवन और छात्र सुविधाओं का व्यापक ढांचा शामिल होगा। इसके अलावा 2,500 सीटों की क्षमता वाला एक बड़ा सभागार भी बनाया जाएगा, जो शैक्षणिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपयोगी होगा। विद्यार्थियों के लिए 840 बेड की छात्रावास सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर भी विकसित किया जाएगा।

## खेल सुविधाओं और पार्किंग व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान

परियोजना में खेल सुविधाओं और पार्किंग व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इस कैंपस को पर्यावरण के अनुकूल बनाने की योजना है और इसे जीआरआईएचए 5-स्टार मानकों के अनुसार विकसित किया जाएगा। इसमें सौर ऊर्जा, भू-तापीय ऊर्जा, वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण जैसी आधुनिक और सतत विकास से जुड़ी तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इस परियोजना को दिल्ली शहरी कला आयोग और दिल्ली अग्निशमन सेवा जैसी संस्थाओं से आवश्यक मंजूरी मिल चुकी है, जिससे इसके निर्माण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ सकेगी।



**Dainik Jagran Page No. 05 Date 25.06.2026**

# बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय को धीरपुर में मिलेगा अपना परिसर, सरकार ने दी मंजूरी

## 50 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले इस परिसर में पढ़ सकेंगे आठ हजार छात्र

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली को अपना परिसर मिलने वाला है। लगभग 1668 करोड़ की लागत से उत्तरी दिल्ली के धीरपुर में विकसित होने वाले इस विश्वविद्यालय परिसर को आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इसमें स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल पुस्तकालय, शोध प्रयोगशालाएं, हरित परिसर व छात्रावास की समुचित व्यवस्था होगी। इसके बनने से विद्यार्थियों की संख्या 26सौ से बढ़कर आठ हजार तक बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित दिल्ली सरकार की व्यय वित्त समिति की बैठक में इसके निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। परियोजना को दिल्ली शहरी कला आयोग (डीयूएसी) और दिल्ली अग्निशमन सेवा सहित आवश्यक प्रमुख वैधानिक अनुमति पहले ही प्राप्त हो चुकी हैं, जिससे इसके क्रियान्वयन का मार्ग और अधिक सुगम हुआ है।



उत्तरी दिल्ली के धीरपुर में बनने वाले बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय परिसर का प्रस्तावित माडल • सौजन्यः दिल्ली सरकार

इस समय अंबेडकर विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर कश्मीरी गेट पर है। यह विश्वविद्यालय का स्थायी भवन नहीं है। कश्मीरी गेट के साथ ही कर्मपुरा, लोधी रोड और कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया जैसे क्षेत्रों में विभिन्न स्कूल (विभाग) संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में यहां 20 स्नातक, 28 परास्नातक व 22 पीएचडी प्रोग्राम चल रहे हैं। कुल 2614 सीटों में 1123 स्नातक व 1491 परास्नातक की हैं।

नया परिसर 50 एकड़ क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से लगभग आठ हजार छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। परियोजना के प्रथम चरण में 5400 विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही 840 विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सुविधाएं और शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाओं का भी प्रविधान किया गया है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिसर शिक्षा और सतत विकास के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण होगा। परिसर को ग्रीन रेटिंग फार इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (जीआरआइएचए) 5-स्टार रेटिंग के अनुरूप विकसित करने की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत सौर एवं भू-तापीय ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग, वर्षा जल संचयन प्रणाली, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण और जल संरक्षण एवं प्रबंधन की आधुनिक व्यवस्था स्थापित होगी। इससे बिजली और जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए बाहरी स्रोतों पर निर्भरता कम रहेगी।

बैठक में दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा, शिक्षा मंत्री आशीष सूद सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आगे की सभी आवश्यक प्रक्रियाएं अब दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग आगे बढ़ाएगा।

**Hindustan Hindi Page No. 03 Date 25.06.2026**

# एयूडी के नए कैंपस को मंजूरी मिली

**अच्छी खबर 2**



- 5,400 विद्यार्थियों के लिए प्रथम चरण में शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।
- 840 छात्रों के लिए हॉस्टल बनेगा। इसके अलावा 5-स्टार रेटिंग (जीआरआईएचए) के अनुरूप विकसित करने की योजना बनाई गई है।

**1,668** करोड़ रुपये की लागत से विकसित होगा यह कैंपस

**8,000** छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार होगा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली सरकार की व्यय वित्त समिति ने बुधवार को उत्तरी दिल्ली के धीरपुर में डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) के अत्याधुनिक नए कैंपस के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

यह कैंपस राजधानी में गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप उच्च शिक्षा के अवसरों का विस्तार करेगा और हजारों विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। यह बैठक दिल्ली में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि शिक्षा किसी भी विकसित समाज की सबसे मजबूत नींव होती है और दिल्ली सरकार युवाओं को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**The Hindu Page No. 02 Date 25.06.2026 _ 2nd news**

# CUET results out, UG admissions in Capital set to begin this week

## Aim to start session by first week of August: DU V-C; Ambedkar University looks to conclude admissions within a month; registrations on in Jamia


The Hindu Bureau
NEW DELHI

Delhi University (DU) is likely to kick off the application process for admission to undergraduate courses this week and hoping to begin the 2026-27 academic session by the first week of August.

A day after the release of the Common University Entrance Test-Undergraduate (CUET-UG) results, DU Vice-Chancellor Yogesh Singh said, "The admission process will begin soon, and we are aiming to start the academic session by the first week of August."

DU will notify the start of registrations on the Common Seat Allocation System (CSAS) portal this week, a university official said, adding that candidates have been advised to keep monitoring the portal.

This year, technical difficulties at some centres led to a CUET-UG retest on June 6 and 7. On Tuesday, the National Testing Agency (NTA) said the results had been declared within 16 days of the completion of the exam, 14 days earlier than in the previous cycle.



DU will notify the start of registrations on the CSAS portal. FILE PHOTO

Other Central universities too are gearing up to roll out the admissions. The V-C of Dr. B.R. Ambedkar University Delhi, Anu Singh Lather, said, "As soon as the NTA shares the results with us, we will begin the process. Because the results have been declared on time this year, we expect to conclude multiple rounds of admissions in a month."

Jamia Millia Islamia, which offers 25 courses based on CUET scores, has already begun registrations and will soon start the seat allocation process.

Miranda House held an open house session from June 17 to 22 to guide prospective students regarding admissions. Visitors were given a tour and had their admission-related queries answered.

### No change in process

DU officials said there are no major changes in the process this year. CUET results will determine admissions, and board exam results will be used only as a tiebreaker if two candidates have identical results and preferences.

**The Hindu Page No. 02 Date 25.06.2026**

# CM-led panel clears new AUD campus, road upgrade works

**The Hindu Bureau**
NEW DELHI

Chief Minister Rekha Gupta on Wednesday approved the construction of a new campus of Dr. B.R. Ambedkar University Delhi (AUD) at Dheerpur in north Delhi.

**Spread over 50 acres**

Spread across 50 acres, the campus will be built at an estimated cost of ₹1,668 crore and developed in phases to cater to around 8,000 students. In the first phase, academic facilities will be created for 5,400 students.

The project includes hostel accommodation for 840 students besides residential facilities for faculty members and other employees. It will feature modern academic blocks, a central library, administrative buildings, student amenities, an auditorium with a seating capacity of 2,500, sports infrastructure, and parking facilities.

During a meeting of the Expenditure Finance Committee, a panel led by the Chief Minister also cleared projects worth ₹657.99 crore to strengthen 270.63 km of roads. Ms. Gupta said the infrastructure project would make city roads safer, more durable, and of higher quality. It will improve the condition of several key stretches across east, north, and south Delhi and help strengthen infrastructure in line with modern standards, she added.



Chief Minister Rekha Gupta at the Expenditure Finance Committee meeting in New Delhi on Wednesday. PTI

**Quality, transparency**

Ms. Gupta said the government is focusing not only on construction but also on quality and transparency. All projects will have a five-year defect liability period during which potholes will be repaired within 48 hours.